**प्रसार भारती**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**13.09.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1500बजे**

**केन्द्रीय मंत्री**

केन्द्रीय महिला व बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर ने आज कुल्लू जिले के दो दिवसीय दौरे के दौरान मनाली–लेह राष्ट्रीय राजमार्ग पर समाहन गांव के समीप आपदा से हुए नुकसान का ज़ायजा लिया। उन्होंने सोलंग नाला में भी नुकसान का ज़ायजा लेकर प्रभावित लोगों से मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनीं। मनाली में पत्रकारों से बातचीत में सावित्री ठाकुर ने कहा कि कुल्लू–मनाली में आपदा के चलते पयर्टन व बागवानी क्षेत्र को भारी नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि इस आपदा में किसानों की फसलें भी नष्ट हो गई हैं। उन्होंने कहा कि ज़िले में हुए नुकसान का पूरा ब्यौरा वे केन्द्र के समक्ष रखेंगी।

**राष्ट्रीय सहकारिता सम्मेलन**

राजधानी शिमला में दो दिवसीय राष्ट्रीय सहकारिता सम्मेलन आज शुरू हुआ। उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने इस सम्मेलन का शुभारंभ किया। सम्मेलन में केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर और भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा के अलावा प्रमुख सहकारी संस्थाओं के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, वरिष्ठ नीति निर्माता, नाबार्ड के अध्यक्ष, शिक्षाविद और तकनीक विशेषज्ञ मौजूद रहे। इस दो दिवसीय सम्मेलन के दौरान सहकारी मेला और फिनटेक कॉरपोरेट प्रदर्शनी का आयोजन भी किया जा रहा है। इस प्रदर्शनी में बैंकिंग तकनीक, डेयरी, कृषि और बागवानी से जुड़े नवाचार प्रदर्शित किए गए हैं।

**धर्माणी**

तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा है कि आई.टी.आई घुमारवीं के भवन का निर्माण जल्द किया जाएगा। इसके लिए राज्य सरकार ने प्रांरभिक तौर पर 6 करोड़ रूपए की राशि भवन निर्माण एजेंसी हिमुडा को उपलब्ध करवा दी है। शेष धनराशि भी चरणबद्ध तरीके से मुहैया करवाई जाएगी। घुमारवीं में आज जन सुनवाई के दौरान उन्होंने कहा कि इस आई.टी.आई भवन के निर्माण पर करीब 15 करोड़ रूपए की राशि खर्च होगी। धर्माणी ने कहा कि घुमारवीं आई.टी.आई को अपना भवन उपलब्ध होने पर प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण की बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी।

**जी.एस.टी.**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर नेक्स्ट जेनरेशन जीएसटी सुधारों की घोषणा की थी। प्रधानमंत्री का सपना 3 सितम्बर को जीएसटी परिषद ने नागरिकों के जीवन को आसान बनाने के लिए कई क्षेत्रों में कर दरों में कटौती की स्वीकृति देकर साकार हुआ। नए जीएसटी सुधारो के अंतर्गत सरकार ने आवश्यक खाद्य पदार्थों और स्टेशनरी उत्पादों पर करो में कटौती करके नागरिकों को बड़ी राहत प्रदान की है। केन्द्र सरकार ने कर की दर को पहले के 12 प्रतिशत और 18 प्रतिशत के स्लैब से घटाकर 5 प्रतिशत और शून्य कर दिया है। पनीर, बिस्कुट और चॉकलेट सहित कई अन्य खाद्य उत्पादों पर जीएसटी की दर 5 प्रतिशत कर दी गई है। इस बीच, पहले से पैक खाद्य पदार्थ जैसे दूध, ब्रेड, बिना ब्रांड वाले चावल, गेहूं और दलों को अब जीएसटी मुक्त स्लैब में रखा गया है।

**मौसम**

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अनेक भागों में आज बादल छाए हुए हैं। हालांकि कुछ क्षेत्रों में मानूसन की वर्षा का क्रम रूक–रूक कर जारी है। प्रदेश में भारी वर्षा के कारण हुए भू–स्खलन से तीन राष्ट्रीय उच्च मार्ग व 5 सौ सड़कें यातायात के लिए अवरूद्ध हैं। इसी प्रकार 9 सौ 53 बिजली ट्रांसफार्मर और 3 सौ 36 पेयजल योजनाएं भी बाधित हैं। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के वैज्ञानिक शोभित कटियार के मुताबिक 15

सितम्बर तक राज्य के कुछ क्षेत्रों में भारी बारिश की संभावना है और अगले 2 दिन कई ज़िलों में भारी वर्षा का यलो अलर्ट जारी किया गया है।

**यूपीआई –सीमा**

भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम ने एकीकृत भुगतान इंटरफ़ेस–यू.पी.आई. पर व्यक्ति–से–व्यापारी लेन–देन की सीमा बढ़ाकर दस लाख रुपये प्रतिदिन कर दी है। यह बदलाव सोमवार 15 सितंबर से लागू होगा। खरीददारी के लिए बड़े डिजिटल भुगतानों को आसान और अधिक सुरक्षित बनाने के लिए यह बदलाव किए गए हैं। परन्तु व्यक्ति–से–व्यक्ति हस्तांतरण के लिए सीमा एक लाख रुपये प्रतिदिन बनी हुई है।

...............................................................................................................................................................................